वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 226 गुरुवार 14 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### भजनलाल मंत्रिमंडल का फॉर्मूला

## लोस की 25 सीटें जीतने के समीकरण पर तय होंगे नाम, 20 से 25 मंत्री बन सकते हैं



**जयपुर. कासं।** सीएम भजनलाल के शपथ समारोह से पहले ही नए मंत्रिमंडल गठन की कवायद भी तेज हो गई है। भाजपा लोकसभा की 25 सीटों पर जीत के लिए सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले से मंत्रिमंडल में 20 से 25 चेहरे शामिल कर सकती है। इसमें हर जाति व क्षेत्र को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। संघ से जुड़े व अनुभवी विधायकों को भी समाहित करने का प्रयास होगा। जातीय संतुलन के लिए जाट, दलित व आदिवासी वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। वहीं 4 से 5 महिला मंत्री भी बनाई जा सकती हैं। बाद में मंत्रिमंडल का विस्तार सीएम व उप मुख्यमंत्री सहित 30 तक बढ़ाया जा सकता है। यानी अब कुल 27 चेहरों को जगह मिलेगी। सबसे महत्वपूर्ण वित्त व गृह विभाग संघ की पसंद व वरिष्ठ नेता को मिल सकता है। इनके अलावा पिछले 15 साल से सीएम या बड़े नेता के पास रहने वाले यूडीएच, खान, पंचायती राज व ग्रामीण विकास, ऊर्जा, पीएचईडी पर भी फैसला होगा। फिलहाल इन्हें सीएम के पास रखा जा सकता है।

### विस्तार दूसरे चरण में होने की संभावना

किरोड़ीलाल मीणा (सवाई माधोपुर), बाबा बालकनाथ (तिजारा), महंत प्रतापपुरी (पोकरण), श्रीचंद कृपलानी (निम्बाहेड़ा), पुष्पेंद्र सिंह राणावत (बाली), हरलाल सहारण (चूरू), झाब्बर सिंह खर्रा (श्रीमाधोपुर), भैराराम चौधरी सियोल (ओसियां), जोगेश्वर गर्ग (जालोर), मदन दिलावर (रामगंज मंडी), जितेंद्र गोठवाल (खंडार), विश्वराज सिंह (नाथद्वारा), सुरेंद्र सिंह राठौड़ (कुंभलगढ़), गोपाल शर्मा (सिविल लाइंस), अजय सिंह किलक (डेगाना), सुमित गोदारा (लूणकरणसर), बाबूलाल खराड़ी (झाडौल)। अमृतलाल मीणा (सलूंबर), जेठानंद व्यास (बीकानेर पश्चिम), संजय शर्मा (अलवर शहर), संदीप शर्मा (कोटा), अविनाश गहलोत (जैतारण), बहादुर सिंह कोली (वैर), जसवंत सिंह यादव (बहरोड), जगत सिंह (नदबई)।

**ये महिला दावेदार:** अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण), नौक्षम चौधरी (कामां), दीप्ति किरण माहेश्वरी (राजसमंद), कल्पना देवी (लाडपुरा), शोभा चौहान (सोजत)।

### ये है भाजपा विधायकों की जातीय स्थिति

राजपूत 17, ब्राह्मण 12, जाट 12, दलित 23, आदिवासी 16, वैश्य 8, गुर्जर 5.

# प्रथम पूज्य की शरण में पहुंची दिया कुमारी



**जयपुर. कासं।** प्रदेश के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सपत्नीक सांगानेर स्थित सांगा बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर ढोक लगाई। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से शर्मा का सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी मोती डूंगरी गणेश मंदिर में ढोक लगाई। महंत कैलाश शर्मा ने दुपट्टा ओढ़ाकर दोनों का सम्मान किया। इससे पहले दिया कुमारी ने गोविंददेवजी मंदिर में दर्शन किए। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने ठाकुर जी का चित्रपट भेंट किया। ठाकुर जी के जयकारों के बीच भक्तों ने उन्हें बधाई दी।

# रामलाल शर्मा ने की मनोनीत मुख्यमंत्री से मुलाकात

### भजनलाल को फूल भेंट कर दी बधाई, कहा- डबल इंजन की सरकार में होगा विकास



**जयपुर. कासं।** चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जयपुर स्थित निवास पर मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भजनलाल शर्मा को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। भजनलाल शर्मा को चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पुष्प भेंटकर सम्मान किया। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और आपके कुशल नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई बुलंदियों को छूएगा और प्रदेश का हर नागरिक खुशहाल और समृद्ध होगा। ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र और उनकी गारंटियों पर जनता ने विश्वास जताया है। निश्चित तौर पर आपके सक्षम नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनआकांक्षाओं को पूरा करेगी और 5 साल से विकास में पिछड़ा हमारा प्रदेश एक बार फिर विकास की पटरी पर तीव्र गति से दौड़ेगा।

# स्कूलों में 150 बच्चों को स्वेटर बांटे



**सनावद. शाबाश इंडिया।** सनावद क्षेत्र के चार प्राथमिक विद्यालय में इंदौर के समाजसेवी दम्पति सीमा वीरेन्द्र जैन ने समाजसेवी शिक्षक राजेन्द्र जैन महावीर की प्रेरणा से स्वेटर व शैक्षिक सामग्री का वितरण किया । जन शिक्षक दीपक चौधरी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय कपासी, जूनापानी, राजपुरा ,बासवा के लगभग 150 बच्चों को ठण्ड से बचने के लिए ऊनी स्वेटर व शैक्षिक सामग्री का वितरण किया। समाजसेवी दंपत्ति सीमा वीरेन्द्र जैन ने कहा कि बच्चों की मुस्कान देखकर उन्हें तृप्ति का अनुभव हो रहा हैं। इस अवसर पर जनशिक्षक दीपक चौधरी, श्रद्धा जैन, भारतसिंह सोलंकी ,अनुपमा जैन, धन्नालाल यादव, गणेश वास्कले ,रबी उलहक शेख, कालू बडोले, भागड़ा बड़ौले, गोमसिंह सोलंकी, वन्दना अखाड़े, बालक राम रावत, सुनीता रावत, प्रगति संवनेर, ममता मेहरा, मोहम्मद अयूब कुरैशी, भूरा जी गांगले आदि उपस्थित थे। जूनापानी में भारत सिंह सोलकी, धन्नालाल यादव ने समाज सेवी दम्पत्ति सीमा वीरेन्द्र जैन का पुष्प हार से स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। कपासी में बच्चों को कांपी-पेन, स्लेट वितरण भी किया गया। आभार दीपक चौधरी, भारत सिंह सोलंकी ने व्यक्त किया।

# जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज की अहिंसा पद विहार यात्रा



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

देवली, जहाजपुर। जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज एवं क्षुल्लक अकम्प सागर महाराज का बुधवार को पद विहार करते हुए गांव पीपलूंद में मंगल प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं नवीन जैन ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज निवाई एवं रावतभाटा समाज के तत्वावधान में परम पूज्य जैन मुनि शुद्ध सागर अहिंसा पद विहार यात्रा बुधवार को गांव पीपलूंद पहुंची जहां जैन समाज के त्रिलोक चंद पांडया नवरत्न टोंग्या विमल सोगानी गोमुखी ब्रांड सरसों तेल के निमार्ता मनन दत्तवास हेमचंद संधी नितिन गिन्दोडी पदम संधी डब्बू संधी एवं पप्पू जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने जैन मुनि की पाद प्रक्षालन कर अगुवानी की। जौंला ने बताया कि जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज की अहिंसा पद विहार यात्रा निवाई से विहार करते हुए सोहेला टोंक अतिशय क्षेत्र निमोला, अतिशय क्षेत्र सांखना, दूनी सरोली मोड़ पनवाड़ देवली जहाजपुर अमरगढ़ काछोला महुआ होते हुए रावतभाटा पहुंचेंगे। वहां पर आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज एवं जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सानिध्य प्राप्त करेंगे। इस दौरान बुधवार को समाजसेवी गोमुखी ब्रांड सरसों तेल के निमार्ता मनन दत्तवास विमल सोगानी नवरत्न टोंग्या डब्बू संधी त्रिलोक पांडया नितिन गिन्दोडी ने जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के समक्ष श्री फल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।







# आदिनाथ मित्र मंडल एवं सम्यक जैन ग्रुप द्वारा सामुहिक णमोकार महामंत्र जाप का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आदिनाथ मित्र मंडल एवं सम्यक जैन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान मे विशाल सुन्दर काण्ड एवं णमोकार महामंत्र के सामुहिक पाठ का आयोजन आदिनाथ ग्रुप के कोषाध्यक्ष मुकेश जैन के निवास स्थान मानसरोवर पर मंगलवार रात्रि आयोजित किया गया। आयोजन मे सर्व प्रथम मंगलाचरण पाठ करके गाजे बाजे से वृहद सुन्दर काण्ड का पठन किया गया तदुपरांत णमोकार महामंत्र का जाप किया। आदिनाथ मित्र मंडल के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम मे ग्रुप के संरक्षक राकेश गोदिका, मंत्री राजेन्द्र बाकलीवाल, उपाध्यक्ष अशोक, बिमल, साकेत जैन के साथ अनेक गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे। सम्यक जैन ग्रुप के संस्थापक सदस्य अखिलेश जैन ने बताया कि सम्यक ग्रुप से प्रकाश अरूण, वीरेन्द्र, मुकेश अलीपुर, संजय जैन, प्रदीप जैन, देवेश जैन, मनीष जैन, संध्या उपस्थित हुए। जैन भजनो पर सामूहिक नृत्य व आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य मे श्री सम्मेद शिखर विधान हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य मे त्रिवेणी नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार को श्री सम्मेद शिखर विधान हुआ। विधान में मौजूद सभी भक्तों ने संगीतकार जीतू एंड पार्टी द्वारा मधुर भजनों पर नृत्य किया। आचार्य श्री के मुख से श्री सम्मेद शिखर के प्रत्येक श्लोक पर उसकी महेता बताई गई व सिद्धों की आराधना करते हुए मंडल पर जयकारों के बीच श्रावकों द्वारा अर्घ समर्पित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे।

रिपोर्ट: नरेश कासलीवाल






# वेद ज्ञान

## अज्ञान घातक शत्रु

अज्ञान आपका घातक शत्रु है, जबकि ज्ञान हितैषी मित्र। ज्ञान जीवन के लिए आशा, उमंग, प्रेरणा, उत्साह व आनंद के इतने गवाक्ष खोल देता है कि जीवन का क्षण-क्षण ईश्वर का अनमोल उपहार प्रतीत होता है। एक सृजनशील क्षण आपको प्रतिष्ठा के उत्तुंग शिखर पर प्रतिस्थापित कर सकता है, जबकि कुविचार की अवस्था में क्षण भर का निर्णय आपको निकृष्टता की गर्त में धकेलकर जन्म-जन्मांतरों के लिए आपको लांछित व कलंकित करने के लिए पर्याप्त है। अज्ञान हमें निराशा और पतन की ओर ले जाता है, जबकि ज्ञान आात्मिक उन्नति का पर्याय बन जीवन समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नयन की आधारशिला भी बनाता है। जीवन में यत्र-तत्र-सर्वत्र आनंद व सृजन का सौरभ प्रवाहित करता रहता है। चाणक्य ने कहा है कि अज्ञान के समान दूसरा कोई शत्रु नहीं है। अज्ञान के अंधकार में ज्ञान रूपी प्रकाश के अभाव में भविष्य रूपी भाग्य की राहें अदृष्ट हो जाती हैं और मनुष्य असहाय होकर अपने कर्म व चिंतन की दहलीज पर ही ठोकरें खाने को विवश होता है। मंजिल व लक्ष्य पास होने पर भी वह उसे न पाने के लिए अभिशप्त होता है। फिर वह अपनी ही सोच व कर्म के चक्रव्यूह में फंसकर भय से प्रकंपित होता रहता है। कनफ्यूशियस का मानना है कि अज्ञान मन की निशा है, किंतु वह निशा, जिसमें न तो चंद्र है और न ही नक्षत्र। ज्ञान मनुष्य को तृप्ति, संतोष, आनंद, शांति व निर्भयता का दान देता है, जबकि अज्ञान अतृप्ति, असंतोष, अशांति व भय का उपहार देता है। प्रसिद्ध विचारक ए. होम का मत है कि अज्ञान भय की जननी है। वास्तव में सभी अपराध, विध्वंस, कुकृत्य और अनैतिक कार्य अज्ञान से प्रेरित होकर ही किए जाते हैं। चोर अज्ञानता में ही चोरी का अनैतिक कार्य करता है। वह उसे जीवन का चरम और परम व्यवसाय लगता है, किंतु ज्ञान व बोध हो जाने पर उसके आगोश में बिताए गए क्षणों के प्रति पश्चाताप का भाव उत्पन्न होता है। शेक्सपियर ने अज्ञान को अंधकार कहा है, जिसमें मनुष्य घुटने के लिए विवश होता है। अज्ञानता दूसरे अर्थों में अनपढ़ता ही है, जिसके रहते समग्र जीवन में अंधकार, नैराश्य व भय व्याप्त रहता है। सकारात्मकता की छाया भी दृष्टिगत नहीं होती। ऐसा निरुद्देश्यपूर्ण जीवन भला किस अर्थ का?

# संपादकीय

## जलवायु परिवर्तन पर फिर नहीं बन पाई वैश्विक सहमति

जलवायु परिवर्तन की वजह से पैदा हो रहे संकट के बीच इसके कारणों पर पिछले कई दशक से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहसें होती रही हैं। विडंबना है कि इस मसले पर स्थितियों में लगातार चिंताजनक गिरावट के कारकों की पहचान के बावजूद किसी निदान पर सहमति नहीं बन पा रही है। खासकर जीवाश्म ईंधन के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों में सभी देशों की राय हमेशा विभाजित रही है। इस बार दुबई में हो रहे सीओपी-28 में भी जलवायु संकट और बढ़ते तापमान के सभी पहलुओं पर व्यापक चिंता जाहिर की गई, मगर वहां जीवाश्म ईंधन को खत्म करने के मसले पर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरे मतभेद उजागर हुए। हालांकि इस बात की पूरी कोशिश रही कि शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे पर दो सौ देशों के बीच सहमति बन जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने सीओपी-28 से जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए ठोस समझौते पर पहुंचने का आग्रह भी किया।



मगर आज भी कुछ तेल उत्पादक देशों की ओर से जैसी आपत्तियां सामने आती हैं, उससे यही लगता है कि जलवायु संकट के अहम कारणों को दूर करने पर वैश्विक सहमति कायम करने का सफर लंबा है। गौरतलब है कि वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में जीवाश्म ईंधन को जिम्मेदार माना जाता है। इसी के मद्देनजर कार्बन उत्सर्जन रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों पर जोर दिया जाता है। मुश्किल यह है कि इस क्रम में विकासशील देश अपनी सीमा में आमतौर पर कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगाने के लिए जितना बन पड़ता है, उतना करते हैं, मगर जिन विकसित देशों पर इसकी मुख्य जिम्मेदारी आती है, वे ऐन मौके पर कोई न कोई कारण बता कर अपनी जरूरी भूमिका से पीछे हट जाते हैं। दरअसल, दुनिया भर में आज भी तेल, कोयला और प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों पर बड़ी निर्भरता है। इसमें तेल की हिस्सेदारी चालीस फीसद और कोयला की इकतीस फीसद है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर अचानक जीवाश्म ईंधनों पर रोक लग जाएगी, तो खासकर तेल उत्पादक देशों की अर्थव्यवस्था में कैसी उथल-पुथल मचेगी। यही वजह है कि रूस, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे कुछ प्रमुख तेल उत्पादक देश जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को अचानक खत्म करने की मांग का विरोध करते आए हैं। इस मामले में तेल, गैस और कोयले का दोहन रोकने के बजाय इन ईंधनों से उत्सर्जन को चरणबद्ध तरीके से कम करने का प्रस्ताव दिया जाता है। कुछ देशों की यह दलील समझी जा सकती है कि अचानक रोक से सिर्फ उन देशों का नुकसान होगा, जो अपनी अर्थव्यवस्था को टिकाए रखने या मजबूत करने के लिए जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर हैं। बढ़ते तापमान और जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाने के लिए सौर या पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों को विकल्प के रूप मे पेश किया जाता है, मगर दुनिया अभी उस स्थिति में नहीं पहुंची है कि वह बहुत कम समय में जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल बंद करने को तैयार हो जाए। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## सर्वोच्च फैसला

जम्मू-कश्मीर संबंधी अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला व्यापक परीक्षण की मांग करता है। अदालत ने सांविधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए अपनी बात कही है। प्रधान न्यायाधीश के मुताबिक, जब राजा हरि सिंह ने भारत के साथ विलय का समझौता किया था, तभी जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता खत्म हो गई थी और वह भारत का अभिन्न अंग बन गया था। देश का संविधान कश्मीर के संविधान से ऊंचा है और अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। मगर कुछ निहितार्थ भी इस फैसले में हैं। मसलन, अदालत ने कहा है कि राज्य का दर्जा वापस दिया जाना चाहिए। इसका मतलब है, उसने माना है कि राज्य का जो बंटवारा हुआ है, वह अस्थायी व्यवस्था है और अगर वह अंतरिम कदम है, तो उसे पलटना चाहिए। अदालत ने इसके विस्तार में जाने की कोई कोशिश नहीं की कि अनुच्छेद 370 को हटाने की प्रक्रिया ठीक थी अथवा नहीं? जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला अनुच्छेद 356 के तहत किया गया, और अदालत ने यह मान लिया कि अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति के पास यह ताकत आ जाती है कि वह जो चाहे, कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर यह मान लेंगे कि अनुच्छेद 365, अनुच्छेद 366 और अनुच्छेद 370 को हटाना अनुच्छेद 356 के तहत ठीक है, तो बाकी तमाम सवाल गौण हो जाते हैं। अदालती फैसले में अगले साल सितंबर तक राज्य में विधानसभा चुनाव कराने की बात कही गई है। हालांकि, सरकार का रुख यही है कि जब तक सीटों का परिसीमन नहीं होगा, चुनाव नहीं हो सकेंगे। कश्मीर के लोग और नेतागण भी यही चाहते हैं कि पहले राज्य का दर्जा बहाल होना चाहिए, फिर चुनाव कराए जाने चाहिए, तभी वे इसमें भाग ले सकेंगे। जाहिर है, यह विशुद्ध राजनीतिक मुद्दा है और अदालत इसमें कुछ कर भी नहीं सकती। ऐसे में, सरकार को पहले वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए, उनका मन टटोलना चाहिए और फिर चुनाव की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। आखिर कश्मीरियों के मन में क्या है? स्वाभाविक है कि उनके लिए ऐसे फैसलों का तभी अधिक महत्व है, जब उनका जनजीवन सुगम हो जाए और घाटी में शांति पसर जाए। यह काम भी राजनीतिक दलों को ही करना होगा। जब तक यहां के लोगों की मुश्किलों को नहीं समझा जाएगा, उनका हल नहीं किया जाएगा या उनके समाधान की रूपरेखा नहीं पेश की जाएगी, तब तक आम कश्मीरी ऐसे फैसलों से खुद को जोड़ नहीं सकेंगे। अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार अभी इस स्थिति में है कि वह जैसा चाहती है, वैसा कर सकती है। अगर आम कश्मीरी कहते हैं कि उन्हें अपनी सरकार 'अपनी मर्जी से चलाने की आजादी' दी जाए, तो हमें उसका पूरा सम्मान करना चाहिए। यह कोई संप्रभुता का मसला नहीं है और यहां 'आजादी' को उसके शाब्दिक अर्थ में भी नहीं देखना चाहिए। हर चीज को राष्ट्रवाद के चश्मे से देखना गलत होगा। हमें कश्मीर का इतिहास जरूर याद रखना चाहिए। यहां सभी हुकूमतों के शासनकाल में जरूरी बदलाव हुए हैं। अब उन प्रावधानों का कोई अर्थ नहीं रह गया है, जिनके आधार पर इसका विलय भारत में हुआ था। मगर हमें यह भी समझना चाहिए कि बिना किसी पर सवाल उठाए यहां पूर्व में शांतिपूर्वक सरकारें चली हैं। भले ही किसी वक्त शेख अब्दुल्ला ने अलग राग अलापा था, जिसके बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें सलाखों के भीतर डाल दिया था।

## गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा...

# मनुष्य की अनन्त इच्छाएं



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी (राज.) में भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में महती धर्म प्रभावना चल रही है। चाकसू, निवाई जयपुर आदि समाजों से भक्तगण गुरु माँ के दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं । पूज्य माताजी ने सभी को मंगल देशना के माध्यम से धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - मनुष्य जीवन भर अपनी इच्छाओं के पीछे भागता रहता है। जीवन में कुछ इच्छाओं की पूर्ति तो हो जाती है, पर ज्यादातर इच्छाओं की पूर्ति नहीं हो पाती। मनुष्य द्वारा मनवांछित इच्छाओं की जब पूर्ति हो जाती है, तब वह फूले नहीं समाता। उस कार्य की पूर्ति का सारा श्रेय वह स्वयं को देता है। जब इच्छा की पूर्ति नहीं हो पाती, तब वह ईश्वर को दोष देने लगता है और अपने भाग्य को दोष देने लगता है। मनुष्य की इच्छाएं अनंत होती हैं। वे धारावाहिक रूप से एक के बाद एक आती और चली जाती हैं। एक इच्छा की पूर्ति के बाद दूसरी इच्छा मन में फिर उठने लगती है। इस प्रकार जीवन-पर्यन्त यही क्रम निरंतर चलता रहता है। इस वर्तमान भौतिक युग में लोग इच्छाओं से भी बड़ी महत्वाकांक्षाओं को मन में संजोने लगे हैं। ऐसी-ऐसी महत्वाकांक्षाएं संजोते हैं, जिनके बारे में स्वयं जानते हैं कि वे शायद ही कभी पूरी हो सकें। इस क्षणभंगुर संसार में सांसारिक सुख की प्राप्ति के लिए मनुष्य सदा प्रयत्नशील रहता है। इसके लिए वह सदैव कामना करता रहता है। वह नहीं जानता कि सुख स्वरूप तो वह स्वयं ही है।

# जैन जागृति सेंटर, महिला शाखा, उदयपुर द्वारा एक फोल्डिंग पलंग व एक व्हीलचेयर भेंट की



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** मेवाड़ मारवाड़ रीजन उदयपुर द्वारा संचालित मेडिकल इक्विपमेंट बैंक में जैन जागृति सेंटर, महिला शाखा, उदयपुर द्वारा एक फोल्डिंग पलंग व एक व्हीलचेयर भेंट की गई। इस अवसर पर अनील नाहर चेयरमैन मेवाड़ मारवाड़ रीजन, महेश पोरवाल सचिव, मेडिकल इक्विपमेंट बैंक के संचालक राजेन्द्र खोखावत व नरेन्द्र सेठ, सदस्य विजय सिंह चपलोत, अनिल डांगी, संगिनी मैन से जोन कोर्डिनेटर श्रीमती उर्मिला सिशोदिया, जैन जाग्रति सेन्टर महिला शाखा की संरक्षिका श्रीमती पिंकी मांडावत , सेंटर की पदाधिकारी तथा व्हील चेयर दाता श्रीमती कुसुम तथा करीब पच्चीस मातृ शक्ति ने कार्य क्रम में सहभागिता कर इस पुनीत सेवा कार्य को संपादित किया। मेडिकल इक्विपमेंट बैंक के चेयरमैन श्याम लाल सिशोदिया ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया और जैन जाग्रति सेन्टर महिला शाखा को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। अनिल नाहर तथा राजेन्द्र खोखावत ने मेडिकल इक्विपमेंट बैंक की स्थापना से करोना काल व अभी तक की संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृ शक्ति जब भी मौका मिलता है आप ऐसे पुनीत कार्य कर पुण्य अर्जन कर मानव जीवन को सफल बनाएं । कार्यक्रम पश्चात अल्पाहार के आयोजन में नरेन्द्र सेठ, अनिल डांगी व श्रीमती उर्मिला सिशोदिया ने सहयोग प्रदान किया।

# मान्यावास श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन जिनालय का भूमि पूजन 15 दिसंबर को

## आचार्य श्री सौरभ सागर जी का होगा सानिध्य

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** इंजीनियर्स कॉलोनी, न्यू सांगानेर रोड़, मान्यावास मानसरोवर, जयपुर में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन जिनालय का भूमि पूजन 15 दिसंबर को होगा । मंदिर कमेटी के कमल छाबड़ा ने बताया कि इंजीनियर्स कॉलोनी, न्यू सांगानेर रोड़, मान्यावास मानसरोवर, जयपुर में भव्य जिनालय का भूमि पूजन दिनांक 15 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे पंडित धर्मचन्द शास्त्री अष्टापद के द्वारा करवाया जायेगा । उक्त कार्यक्रम आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में होगा। आचार्य श्री का मंगल प्रवेश 14 दिसंबर को साय 4 बजे मान्यावास में मनीष छाबड़ा ने बताया कि आचार्य श्री सौरभ सागर जी का इंजीनियर्स कॉलोनी, न्यू सांगानेर रोड़, मान्यावास मानसरोवर, जयपुर में मंगल प्रवेश 14 दिसंबर को साय 4 बजे भव्य जुलूस के साथ होगा।



श्री प्रमोद जी - श्रीमती नीना जी पहाड़िया



प्रमुख समाज सेवी मुनिभक्त भामाशाह

की वैवाहिक वर्षगांठ (१५ दिसंबर) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,

**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने किये सांगानेर दिगंबर जैन मंदिर संघी जी व सांगा बाबा मंदिर के दर्शन

## मांगा राज्य की खुशहाली का आशीर्वाद









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो चुका है, भजनलाल शर्मा को राजस्थान की कमान सौंपी गई है। राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज सुबह सांगानेर में सांगा बाबा मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की।इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से उनका माला पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।इस दौरान मंदिर में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया।इसके बाद उन्होंने सांगानेर में संघी जी मंदिर के दर्शन किए और और गुरु नानक गुरुद्वारा में मत्था टेका। सांगानेर में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघी जी में दर्शन करने पहुंचे सीएम भजनलाल शर्मा का मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी की ओर से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने त्रिपोलिया हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान जगह-जगह उनका कार्यकर्ताओं और समर्थकों की ओर से स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर नवनियुक्त डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने बुधवार सुबह गोविंददेवजी मंदिर में श्रृंगार आरती के दर्शन कर मत्था टेका। गोविंद की शरण में उन्होंने प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। गोविंददेवजी मंदिर में इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व विभिन्न समाज के लोग स्वागत के लिए जुटे। दीया कुमारी का मंदिर में दुपट्टा पहनाकर व चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्हें गोविंददेवजी की प्रतिमा व प्रसाद भेंट किया गया। पूजा अर्चना के बाद दीया कुमारी सिटी पैलेस के लिए रवाना हुई। इसके बाद उन्होंने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में दर्शन कर पूजा अर्चना की।



## शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू

राजस्थान में नए सीएम और डिप्टी सीएम के ऐलान के बाद अब शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भजनलाल शर्मा को राजस्थान सीएम की कमान मिली है और दीयाकुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। इसके बाद अब नई सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 15 दिसंबर को नवनियुक्त भजन लाल शर्मा का जन्मदिन है और इस मौके पर नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा । सवाई मानसिंह स्टेडियम में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आना प्रस्तावित है। इसके अलावा यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, हिमंत सरमा समेत अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद होंगे। यही नहीं शपथ ग्रहण समारोह में साधु, संतों, महंतों और समाजसेवियों की भी उपस्थिति रहेगी।

# मोदी है तो मुमकिन है...





**डा.अखिल बंसल. शाबाश इंडिया**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने फैसलों से सभी को आश्चर्य चकित करने के लिए जाने जाते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव में उन्होंने किसी भी चेहरे को आगे लाए बिना अपनी दमखम पर चुनाव को जितवाया है। इन राज्यों के मुखिया बनाने में भी अपने आगे किसी की नहीं चलने दी। यही कारण है कि भाजपा ने तीनों ही राज्यों में अपनी विजय पताका फहराकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। मुख्यमंत्री के चयन में भी मोदी - शाह ने सभी को चौंका कर छत्तीसगढ़ में विष्णुदत्त साय, मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव तथा राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री का दायित्व सौंप कर यह सिद्ध करने की कोशिश की है कि आम राजनेताओं की सोच जहां समाप्त होती है मोदी की सोच वहां से प्रारंभ होती है ।मुझे यह कहने में कतई संकोच नहीं है कि लोकतंत्र में आज एक नए अध्याय का सूत्रपात हुआ है ।भविष्य के इरादे से नया नेतृत्व खड़ा करने के पवित्र उद्देश्य से यह बदलाव निश्चित ही मिल का पत्थर साबित होगा। तीनों ही प्रदेशों में राज्य का मुखिया उन्हें बनाया गया है जो संगठन के लिए समर्पित रहे हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासी, मध्यप्रदेश में ओबीसी तथा राजस्थान में सवर्ण वर्ग का मुखिया चुनकर सभी समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखने की कोशिश की गई है। इन तीनों राज्यों में रमन सिंह ,शिवराज सिंह तथा वसुंधरा राजे जैसे दिग्गज नेताओं को किनारे कर नए युवा चेहरों पर दाव लगाया है। इस निर्णय से हर वर्ग को साधने का उनमें उत्साह भरने का संदेश जाहिर होता है तथा यह भी जताने की कोशिश है की आखिरी कतार का कार्यकर्ता भी उच्च पद हासिल कर सकता है। छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय आदिवासी समुदाय का बड़ा चेहरा हैं। सौम्य हैं तथा प्रशासनिक अनुभव भी पर्याप्त रखते हैं । वे दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे अतः संगठन में भी अच्छा खासा तजुर्बा हासिल है। राज्य में 90 में से 29 सीटों पर इस समुदाय का प्रभाव है जो राज्य में आबादी का 33% है। विष्णु देव साय राज्य के छठवें मुख्यमंत्री होंगे ; उनके साथ अरुण साव व विजय शर्मा को डिप्टी सीएम व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को स्पीकर का दायित्व सोपा गया है। मध्यप्रदेश में भी बड़ा दाव खेला गया है। विपक्षी दलों द्वारा जातीय जनगणना की मांग जोर शोर से उठाई जा रही है। लोकसभा चुनाव की बिसात भी अभी से बिछने लगी है अतः मध्य प्रदेश में डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा के पक्ष में ओबीसी वोट बैंक को सादा गया है।डा. मोहन यादव मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश में ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाकर भाजपा का काम आसान करने में मददगार सिद्ध होंगे। यहां भी दो उपमुख्यमंत्री बनाए हैं एक हैं ब्राह्मण नेता राजेन्द्र शुक्ला तथा दूसरे हैं दलित नेता जगदीश देवड़ा। इस तरह मध्य प्रदेश में भी जातिगत संतुलन बैठाने की कोशिश की है। नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। मध्यप्रदेश में लगभग आदि आबादी ओबीसी की है और 72 सीटों पर इस समुदाय का अच्छा खासा दबदबा कायम है। डा. मोहन यादव जो कि पूर्व शिक्षा मंत्री हैं ,तीन बार के विधायक हैं व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे 58 वर्ष के युवा हैं। वे निश्चित ही अपनी दमखम लोकसभा चुनाव में दिखाकर भाजपा को लाभ पहुंचाएंगे। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को प्रदेश का मुखिया बनाकर पूरे उत्तर भारत को साधने की कोशिश की गई है । वे लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जातिगत समीकरण में ब्राह्मण चेहरे के रूप में बिल्कुल फिट बैठते हैं। निर्विवाद चेहरे के रूप में संगठन में उन्हें 34 वर्ष का अच्छा खासा अनुभव है। संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले जमीनी कार्यकर्ता होने से वे लोकसभा चुनाव में निश्चित ही लाभ पहुंचाने की स्थिति में हैं। उनके साथ 52 वर्षीय दिया कुमारी और 54 वर्षीय डॉ प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री व वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाकर मोदी शाह की जोड़ी ने यहां भी सभी को चौंकाया है । भाजपा ने जातियों व छत्रपों का वर्चस्व तोड़कर सभी वर्गों का ध्यान रखा है । तीनों राज्यों में भाजपा नेतृत्व ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि समर्पित वरिष्ठावन कार्यकर्ता को बड़ा पद कभी भी मिल सकता है।


वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महामुनिराज एवं मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के अनन्य भक्त



हसमुख व्यक्तित्व के धनी युवा भामाशाह युवा गौरव प्रमोद जी पहाड़िया नीना भाभी जी को वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक बधाईयाँ व शुभकामनायें।

- विनोद रवीना जैन

# जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत स्वामी का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव




**फागी. शाबाश इंडिया।** फागी कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ मंदिर , त्रिमूर्ति मंदिर, पार्श्वनाथ चैत्यालय, चंद्र प्रभु नसियां मंदिर, चंद्र पुरी मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा,मंडावरी, मेहंदवास,निमेडा, लसाडिया, एवं लदाना सहित कस्बे के सभी जिनालयों में जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में आज प्रातः अभिषेक शांतिधारा तथा अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना के बाद पुष्पदंत भगवान का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से जन्म एवं तप कल्याणक का अर्घ्य चढ़ाकर सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई, गोधा ने अवगत कराया कि उक्त समय कपूर चंद जैन नला, मोहनलाल झंडा, रामस्वरूप मोदी, कैलाश कासलीवाल, हरक चंद झंडा, भागचंद कासलीवाल, सोभागमल सिंघल,विमल कलवाडा, विनोद झंडा, जीतू कासलीवाल, कमलेश झंडा, नीरज झंडा, कमल झंडा, संतोष बजाज,सोनू कठमाणा, अंशु चोधरी, आशु झंडा, अंकित सिंघल, त्रिलोक पीपलू,तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।


# भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने पर खुशियां मनाई



**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

**रावतसर।** आज भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल रावतसर द्वारा नई धान मंडी में राजस्थान प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता भजनलाल शर्मा को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा विधायक दल का नेता चुन कर मुख्यमंत्री बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी,साथ ही कार्यकर्ताओ ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की। सभी ने केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष महावीर योगी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे कार्यकर्ताओ की पहचान है यहां पर पार्टी में रात दिन कार्य करने वाले कार्यकर्ता को पद मिलता है जिससे हर एक कार्यकर्ता का हौसला बढ़ता है,भाजपा सबका साथ सबका विकास वाली पार्टी है, कार्यक्रम में महामंत्री राकेश शास्त्री,भादर राम गोदारा,बजरंग सिंह सूडा, अतुल शर्मा, कानाराम सुथार, कृष्ण फोगला, विनोद गोल्यान, राजेंद्र भंडवाल, गणेश शर्मा, मनीष थापन, विक्रम बदाना,रामनारायण शर्मा, राघव गट्टानी, हंसराज फंडा, राघव शर्मा, दीनदयाल पारीक, अमित पारीक, रामकुमार फंडा, श्याम सुंदर आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।


## श्री दर्शन-श्रीमती विनिता बाकलीवाल




दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संरक्षक

की वैवाहिक वर्षगांठ (15 दिसंबर) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380


दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की 52वीं एजीएम मुम्बई में सम्पन्न




**कोटा. शाबाश इंडिया।** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की 52वीं वार्षिक अधिवेशन चर्चगेट मुम्बई में सम्पन्न हुआ। जिसमें वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के महामंत्री, हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष कॉमरेड मुकेश गालव ने देश भर के सभी श्रमिकों के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि इस वार्षिक अधिवेशन में त्रिपक्षीय प्रतिनिधि भाग लेते है जिसमें उद्योगपति, सरकार तथा श्रमिको के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता उपाध्यक्ष (एम्प्लॉयर) एवं उद्योगपति अरविन्द दोषी ने की। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के डायरेक्टर जनरल ललित गबाने ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। श्रमिकों के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वाईस चेयरमैन मुकेश गालव ने उपस्थित प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये एग्रीकल्चर तथा निर्माण क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया जिसमें स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित, संकल्प, मेनेजमेंट, बचाव के उपाय, मानसिक स्वास्थ्य, मानवीय दृष्टिकोण, औद्योगिक स्वच्छता, कॉन्टेक्टर एवं केमीकल मेनेजमेंट,व्यवहार आधारित सुरक्षा एवं सुरक्षा का परिदृश्य, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु सक्षमता एवं प्रशिक्षण, भविष्य की चुनौतियां, प्र्यावरणीय स्वास्थ्य, आदि विषयों पर विचार व्यक्त किये। अपने संबोधन में भारत में असंगठित क्षेत्र जिसमें कृषि प्रमुख है इसमें भी कार्यरत कामगारों की सुरक्षा से जुड़े उपायों पर व्यापक जोर दिया तथा भारत में शीघ्र ही इस विषय पर गंभीर चिंतन कर कार्य योजना लागू की जायेगी। गालव ने बताया कि उद्योगों में सुरक्षा साधन एवं उपकरण उत्तम क्वालिटी के खरीदे जाये तथा सुरक्षा मापदंडों को अपनाने में ट्रेड यूनियनों के साथ साथ सरकारे एंव उद्योगपति भी पूर्ण गंभीरता से अपनी भूमिका अदा करें।

# सनातनी बच्चों को वेद पुराण और धर्म की शिक्षा निशुल्क दी जाएगी




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वैदिक भारत संस्थान द्वारा सनातन धर्म की संस्कृति और वेद भाषा संस्कृत को सजोये रखने हेतु ''पढ़ेगा सनातन बढ़ेगा सनातन'' की विचार धारा को लेकर पण्डित दीनदयाल उपाध्यक्ष की पावन जन्म स्थली पर धर्म प्रचारक कुमार गिरिराज शरण दास जी की प्रेरणा से जयपुर में बनाया जायेगा। रसिक गुरुकुल आश्रम संस्थान के अध्यक्ष त्रिलोक काबरा ओर लोकेश मूलचंदानी ने बताया सनातनी बच्चों को वेद पुराणों एवं धर्म की शिक्षा निशुल्क दी जायेगी जिसमें उपासना ग्रह सत्संग प्रांगण क्रीड़ा स्थल सहित बच्चों के रहने हेतु कमरों की व्यवस्था की जायेगी एवं वर्तमान में राज्य के सभी जिलों में वैदिक लाइब्रेरी बनाने का प्रावधान है।







# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष बने ओपी जैन तो उपाध्यक्ष बने अमित टकसारी

**अजय जैन. शाबाश इंडिया**



अम्बाह। विश्व की सबसे बड़ी जैन सामाजिक संस्था दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप की अम्बाह शाखा का गठन श्री परेड जैन मंदिर में संपन्न हुआ बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष ओपी जैन, उपाध्यक्ष अमित जैन टकसारी, महामंत्री अजय जैन बल्लू, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जैन तेल मिल,संयोजक विकास जैन, मंत्री राम प्रकाश जैन ,मीडिया प्रभारी पंकज जैन, सांस्कृतिक मंत्री राहुल जैन, आकाश जैन सहसंयोजक मनीष जैन, प्रचार प्रसार मंत्री उपेंद्र जैन,उप मंत्री रोनी जैन एवं संस्थापक सुशील कुमार जैन सहित संरक्षक अशोक जैन एडवोकेट, महेश चंद्र जैन, राकेश भंडारी, नरेश चंद्र जैन,संजीव कुमार जैन, विमल भंडारी,अरुण कुमार जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जैन, विकास जैन पाडे,विजय जैन सब्जी मंडी,मुकेश कुमार जैन,पंकज जैन पोस्ट ऑफिस एवं कपिल जैन को बनाया गया इस मौके पर ओपी जैन एवं अमित जैन ने कहा कि जैन सोशल ग्रुप सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि इसके माध्यम से समाजसेवा के नए आयाम स्थापित किए जाते हैं। 21वीं सदी में भारतीय संस्कृति की रक्षा व युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़े रखते हुए समाज की सेवा हमारा कर्तव्य है। संस्था के द्वारा रक्तदान, मरणोपरांत नेत्रदान, देहदान, हृदय के ऑपरेशन के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाकर कुपोषण के शिकार बच्चों की बीमारी उन्मूलन के लिए बढ़-चढ़कर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि सोशल ग्रुप परिवार मात्र मनोरंजन का साधन न बनकर समाज में समरसता व परोपकार को प्राथमिकता देगा।

"Champions Rise, Unite, Conquer"
Mahaveer Public School
extends a cordial invitation
to the
Annual Sports Day
a celebration of athleticism, spirit, and unity scheduled for
Thursday, December 14th, 2023,
at the school grounds.
Hon'ble Swami Balmukund Acharya Ji Maharaj, MLA, Hawa Mahal, Jaipur
will grace the occasion as the Chief Guest,
and
Nirmesh Mathur, an international Kabaddi player,
will be the Guest Of Honour.
The event will commence at 10:00 a.m.
Your auspicious presence is eagerly anticipated!
Umrao Mal Sanghi President | Sunil Bakhshi Secretary | Seema Jain Principal

# "मैं जितनी भी फिल्में बनाता हूं, वे हमेशा किरदारों के मानवीय पहलू पर जोर देती हैं, फिर चाहे शैली कोई भी हो": निर्देशक जेम्स वान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** निर्देशक जेम्स वान और एक्वामैन- जेसन मोमोआ के साथ पैट्रिक विल्सन, एम्बर हर्ड, याह्या अब्दुल-मतीन कक्रऔर निकोल किडमैन अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली डिटेक्टिव कॉमिक्स फिल्म 'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' के अगले चैप्टर की पेशकश करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स द्वारा इस फिल्म को 21 दिसंबर, 2023 को पूरे भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ब्लैक मंटा पहली बार एक्वामैन को हराने में असफल रहता है, लेकिन अभी-भी अपने पिता की मौत का बदला लेने की इच्छा उसमें कम नहीं हुई है। ऐसे में, एक्वामैन को हमेशा के लिए हराने में वह कोई भी कसर नहीं छोड़ेगा। इस बार ब्लैक मंटा को पहले से कई गुना अधिक शक्तिशाली रूप में देखा जाएगा। उसके पास पौराणिक ब्लैक ट्राइडेंट की ताकत है, जो काफी पुरानी और दुर्भावनापूर्ण शक्ति को उजागर करती है। उसे हराने के लिए, एक अप्रत्याशित गठजोड़ के रूप में एक्वामैन अपने कैदी भाई ओर्म की ओर रुख करेगा, जो अटलांटिस का पूर्व राजा रह चुका है। अपने राज्य की रक्षा करने और एक्वामैन के परिवार एवं दुनिया को विनाश से बचाने के लिए, उन्हें मिलकर अपने मतभेदों को दूर करते हुए देखा जाएगा। एक्वामैन की दुनिया में लौटने और फिल्म के कथानक तथा किरदारों के बारे में बात करते हुए, निर्देशक जेम्स वान कहते हैं, ''मैं जितनी भी फिल्में बनाता हूँ, वे हमेशा किरदारों के मानवीय पहलू पर जोर देती हैं, फिर चाहे शैली कोई भी हो। एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम आर्थर की कहानी को आगे बढ़ाती है, जो अब अपने राज्य और परिवार दोनों की रक्षा के लिए अटलांटिस के राजा के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा है। जबकि हमारी पिछली फिल्म एक प्रेम कहानी थी, जो आर्थर पर केंद्रित थी, इस बार दर्शकों को दो भाइयों, आर्थर और ऑर्म के साथ एक एक्शन एडवेंचर देखने को मिलेगा, जो दुनिया को बचाने के लिए अपने आपसी मतभेदों पर काबू पाते हैं। उन्हें एकजुट होकर बेहद शक्तिशाली ब्लैक मंटा से लड़ाई लड़ते देखा जाएगा, जिसके पिता के प्रति प्रेम और प्रतिशोध की आग ने उसे उसका सबसे बुरा रूप अपनाने पर मजबूर कर दिया है।'' उन्होंने आगे कहा, हम सिर्फ कहानी और इसके पात्रों का विस्तार ही नहीं करना चाहते थे, बल्कि दर्शकों को और भी अधिक गहन और रोमांचक अनुभव देना चाहते थे। मैं एक्वामैन की दुनिया में वापसी को लेकर बेहद रोमांचित था, क्योंकि एक्वामैन में जेसन, पैट्रिक, एम्बर, याह्या और निकोल जैसे कलाकार शामिल हैं, जिन्होंने न सिर्फ फिल्म के किरदारों को यादगार और सम्मोहक बनाया, बल्कि हमारे पूरे समूह और रचनात्मक टीम के साथ मिलकर एक आकर्षक और अविस्मरणीय दुनिया का सृजन करने में भी मदद की। लेकिन अब, फिल्म अपने में बहुत कुछ नया शामिल करती है और इसकी दुनिया बहुत बड़ी है।



# विमर्श सागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण एवं मुनि दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित






**अशोकनगर. शाबाश इंडिया।** राष्ट्रयोगी श्रमणाचार्य भावलिंगी संत 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण एवं मुनि दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विमर्श जागृति मंच परिवार, द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। मंगलवार को प्रातःकाल गंज मंदिर जी में अभिषेक , शांतिधारा , पूजन की गई। आज बुधवार को कोचर निवास इंद्रा पार्क रोड पर निर्धनों को भोजन वितरण किया गया,सभी को खीर पूडी बांटी गई । दोपहर में अंध-मूक-बधिर आश्रम में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी गई तथा वस्त्र वितरित किये गए। गुरुवार को त्रिकाल चौबीसी जिनालय में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही 17 दिसम्बर रविवार को ग्राम झीलां में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष अनूप बाबू ,मंत्री संजय जैन सिंघई ने बताया कि इस शिविर में इसमें नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. डी.के.जैन , डॉ. सुगनचंद जैन,डॉ अंकुर जैन,डॉ. प्रेम विश्वास,डॉ. दीपक जैन,डॉ नीलेश जैन, डॉ. शुभम जैन,डॉ. जिज्ञासा जैन एवं डॉ. सुरेंद्र जैन द्वारा मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। सभी रोगियों को संस्था की और से निशुल्क दवा वितरित की जाएगी।

## सतरंगी ग्रुप का क्रिसमस मिलन समारोह आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सतरंगी ग्रुप का क्रिसमस मिल ''चोखा पंजाब'' में सफेद और लाल रंग की थीम के साथ आयोजित किया गया। डा. सोनाली एन ठोलिया ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका कुमुद पापड़ीवाल ने पहले दिन रात में घर-घर जाकर संता के रूप में सभी मेंबर्स को बेल बजाते हुए सरप्राइज उपहार दिए। सभी को उनका यह प्रयास मन को बहुत भाया। चोखा पंजाब में सबने पंजाबी गानों के साथ झूम झूम कर नृत्य किया। कार्ट गाड़ी में घूमने एवं झूला झूलने का भी सभी ने आनंद लिया ।संता के वेश में जो भी सबसे अच्छा लगा उसमे से बेस्ट ड्रेस अप का पुरस्कार नीतू जैन को दिया गया और द्वितीय पुरस्कार दिया गया रीना जैन को। क्रिसमस थीम पर गेम खिलाए गए जिनमें प्रथम पुरस्कार ममता गहलोत को मिला और द्वितीय पुरस्कार अनिता जैन को मिला । डॉक्टर सोनाली एन ठोलिया ने सबको संकल्प दिलाया कि इस बार संक्रांति पर कोई भी चाइनीज मांझा काम में नहीं लेगा जिससे कि हम पक्षियों को घायल होने से बचा सके ।सभी ने इस संकल्प को दोहराया कि वे पूरे परिवार सहित चाइनीस मांझा काम में नहीं लेंगे।आरती अजमेरा, भारती जैन, शिल्पा गोधा,रीना जैन, पूनम कुचामन, ॠतु जैन और निधि जैन आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित थी। सबने मिलकर पहले नट बालक के साथ रस्सी पर चलने का आनंद लिया और उस बालक को कुछ सहयोग भी दिया ।फिर मेंहदी लगवाई ,ज्योतिषी से अगले वर्ष के लिए अपना भविष्य जाना, छोटी रेल की सवारी की । मस्ती भरे इन पलों के साथ ही क्रिसमिस थीम पर हाऊजी खेली और एक दूसरे को क्रिसमस कैप पहना कर शुभकामनाएं दी। नव वर्ष के दिन एक एक सेवा कार्य करने का वादा कर सब ने एक दूसरे से विदा ली।




## राजगढ़ धाम पर हुई प्रशासनिक बैठक सम्पन्न

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद ।राजगढ़ स्थित श्री मसाणिया भैरव धाम पर आगामी 25 दिसम्बर 23 को सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की 21वी वर्षगाँठ राजगढ़ धाम पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। 21वी वर्षगाँठ के कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण सम्पन्न करवाने तथा कानून व शान्ति व्यवस्थाओ को लेकर चम्पालाल महाराज मुख्य उपासक भैरव धाम राजगढ़ के सानिध्य व अंशुल आमेरिया उपखण्ड़ अधिकारी नसीराबाद की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक हुई जिसमें संबंधित सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीराधा सरल बिहारी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का पांचवां दिन

## व्यक्ति को महान बनाती है परमात्मा का भावना : मृदुल कृष्ण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** टोंक रोड,बीलवा, मानपुर नांगल्या स्थित श्री राधा सरल बिहारी मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ पांचवें दिन बुधवार को भागवत कथा में परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज जी ने कहा कि जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है। मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्यरत है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। महाराज श्री ने परमात्मा श्री कृष्ण की लीलाओं में पूतना चरित्र पर व्याख्यान देते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि कंस स्वयं को सब कुछ समझ लिया। हमसे बड़ा कोई न हो। जो हमसे बड़ा बनना चाहे या हमारा विरोधी हो उसको मार दिया जाए। ऐसा निश्चय कर ब्रज क्षेत्र में जितने बालक पैदा हुए हो उनको मार डालो, और इसके लिये पूतना राक्षसी को भेजा तो प्रभु श्री बालकृष्ण भगवान ने पूतना को मोक्ष प्रदान किया ही इधर कंस प्रतापी राजा उग्रसेन का पुत्र होते भी स्वार्थ लोलुपता अधिकाधिक होने के कारण राक्षसो की श्रेणी में आ गया और भगवान श्री कृष्ण ने उसका संहार किया।

## इन्जी पीसी छाबड़ा आऊट स्टेंडिंग/इमिनेन्ट इन्जिनियर चुने गए

जयपुर. शाबाश इंडिया। इन्जी पीसी छाबड़ा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैन इन्जिनियरिंस सोसायटी इन्टरनेशनल फाउंडेशन (रजिस्टर्ड) जयपुर को ''दी इन्स्टीट्यूसन ऑफ इन्जिनियरिंस (इन्डिया)'' द्वारा स्थापित सलेक्शन कमेटी के निर्णय अनुसार आऊट स्टेंडिंग/इमिनेन्ट इन्जिनियर के लिए चुना गया। इस महत्वपूर्ण चुनाव में इन्जी पीसी छाबड़ा व एक अन्य को चुना गया जिसके फलस्वरूप तथा राजस्थान राज्य स्टेट सेन्टर कमेटी द्वारा स्वीकृत किया गया। इन्जी छाबड़ा अगले दो वर्ष 2023-25 के लिए अन्डर रूल ''दी इन्स्टीट्यूसन ऑफ इन्जिनियरिंस (इन्डिया)'' के 3(ए)(ऐट) के तहत राजस्थान राज्य स्टेट कमेटी के लिए सदस्य के रुप में अपनी सेवाएं इन्स्टीट्यूसन आफ इंडिया के लिए प्रदान करेंगे। दी इन्स्टीट्यूसन ऑफ इन्जिनियरिंस इन्डिया भारत वर्ष की एक मात्र अधिकृत 101 वर्ष पुरानी संस्था है जिसमें सभी विषयों के अभियन्ता पूरे भारत वर्ष एवं कई अन्य देशों को तकनीकी सेवाएं प्रदान करती है तथा कई देश सदस्य होने के साथ अपने देश में तकनीकी ज्ञानों का विस्तार एवं आदान-प्रदान करती हैं। भारत वर्ष व राजस्थान राज्य के कई शहरों में चेप्टर स्थापित है जिसका राज्य स्तरीय मुख्यालय जयपुर में अपने स्वयं के भवन में स्थापित है।



# गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के जन मंगल अभियान का हुआ शुभारंभ



## सरकारी स्कूल में लगाया वाटर कूलर

**बाड़ा पदमपुरा. शाबाश इंडिया**

समाज एवं मानव सेवा कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे महाप्रज्ञ सेवा प्रकल्प के तहत गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 30 दिवसीय जन मंगल अभियान का बुधवार को शुभारंभ हुआ। समिति सदस्य विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक ट्रस्ट द्वारा 14 जनवरी तक आयोजित जन मंगल अभियान के अन्तर्गत ट्रस्ट द्वारा बाडा पदमपुरा में संचालित पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय में ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी शासन सेवी डॉ. नरेश कुमार मेहता - नीरु मेहता द्वारा भगवान पदमप्रभू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष हिम्मत डोसी, समाजश्रेष्ठी गणपत मेहता, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष अम्बिका सेठी, सचिव रेखा पाटनी, निवर्तमान अध्यक्ष मैना जैन, सम्यक - छवि मेहता सहित चिकित्सकों एवं संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सहभागिता निभाई। इससे पूर्व प्रातः बजे भगवान पदमप्रभू के दर्शन लाभ एवं सामूहिक आरती कर पुण्यार्जन किया गया। तत्पश्चात राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ा



पदमपुरा में समाजसेवी नरेश मेहता द्वारा संचालित गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से विद्यालय के छात्र छात्राओं हेतु स्वच्छ जल के लिए स्थापित किये गये शीतल जल का वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह में पुण्यार्जक नरेश - नीरु मेहता, सम्यक - छवि मेहता सहित जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी चाकसू हनुमान मीना, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष हिम्मत डोसी, समाजश्रेष्ठी गणपत मेहता, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की अध्यक्ष अम्बिका सेठी, संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, सचिव रेखा पाटनी, निवर्तमान अध्यक्ष मैना जैन अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्कूल प्रिंसिपल संजीव जैन ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

# नवनियुक्त मुख्यमंत्री का सराहनीय आदेश



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। मप्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव आज शाम 6:15 बजे अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में खुले में तथा बिना अनुमति पत्र के पशु और उनका मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, सुशील पांड्या मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल जैन राजनैतिक चेतना मंच के राजेश जैन दद्दू, हंसमुख गांधी टीके वेद राजेश लारेल एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन सीमा रावत कल्पना परवार समता सोधीया नीलम बांझल आदि ने मुख्यमंत्री जी के आदेश को बहुत ही सराहनीय कदम बताया और मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया। यह नियम सभी शहरों में 15 दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक अभियान चलाकर कार्रवाई होगी। इस दौरान ऐसे व्यक्ति जो अवैध अथवा नियम विरुद्ध बिना अनुमति पत्र के पशु मास अथवा मछली का विक्रय कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई को नगरीय निकाय के अतिक्रमण निरोधी दस्ते, स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा पशु चिकित्सा अधिकारी अंजाम देंगे।

# मंगसिर सितपच्छं परिवार स्वच्छं...

## भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के 9 वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस-दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए पूजा अर्चना के विशेष आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया। जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत स्वामी का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव बुधवार, 13 दिसम्बर को भक्ति भाव से मनाया गया इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः भगवान पुष्पदंत स्वामी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से श्री जी की पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ जन्म कल्याणक श्लोक मंगसिर सितपच्छं परिवा स्वच्छं, जनमें तीरथनाथाजी। तब ही चवभेवा निरजर येवा, आय नये निजमाथाजी।। सुरगिरिनहवाये मंगल गाये, पूजे प्रीति लगाई जी। मैं पूजौं ध्यावौं भगति बढावौं, निजनिधि हेतु सहाई जी ।। का उच्चारण करते हुए जन्म कल्याणक अर्घ्य चढाया गया। इसी तरह से तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए तप कल्याणक अर्घ्य चढाया गया। भगवान की महाआरती के बाद समापन हुआ। त्रिवेणी नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में, मंगलविहार के दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य चैत्य सागर महाराज, बगरुं के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी ससंघ के सानिध्य में भगवान पुष्पदंत नाथ का जन्म व तप कल्याणक मनाया गया।